# राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर

# वार्षिक प्रतिवेदन
## 2024-25

### महाविद्यालय के 56 वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर प्रस्तुत

**08 मार्च 2025**

**मुख्य अतिथि :**
डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा
माननीय कैबिनेट मंत्री
हरियाणा सरकार

**प्रस्तुतकर्ता :**
प्रो. दलबीर सिंह
*एच.ई.एस-I*
प्राचार्य

Scanned with OKEN Scanner

विद्ययाऽमृतमश्नुते

# राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर

महाविद्यालय के 56वें दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा जी, माननीय कैबिनेट मंत्री, हरियाणा सरकार,

सभी सम्मानित अतिथिगण, पूर्व विद्यार्थी संगठन के पदाधिकारी व सदस्य, पत्रकार एवं छायाकार बन्धु, सहयोगी प्राध्यापकगण व कर्मचारीगण, नव स्नातक तथा नव स्नातकोत्तर विद्यार्थियों एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं।

यह हमारे लिए बहुत खुशी का अवसर है कि आज दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में इस महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे माननीय डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा जी, कैबिनेट मंत्री, हरियाणा सरकार हमारे बीच उपस्थित हैं। सर, मैं आपका महाविद्यालय में पधारने पर समस्त महाविद्यालय परिवार की तरफ से हार्दिक स्वागत करता हूँ, अभिनंदन करता हूँ और आभार व्यक्त करता हूँ कि आपने हमारा अनुरोध स्वीकार करके इस समारोह की शोभा बढ़ाई।

वैसे तो डॉ. अरविन्द शर्मा जी किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं लेकिन आज के इस अवसर की गरिमा के अनुरूप आपका संक्षिप्त परिचय करवाना मैं अपना परम सौभाग्य एवं कर्त्तव्य समझता हूँ। अपने संघर्ष और मेहनत से आपने राजनीतिक क्षेत्र में जिस प्रकार सफलता के शिखर को छुआ है, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायी है।

डॉ. अरविंद शर्मा जी का जन्म 12 अक्टूबर 1963 को जिला झज्जर के गांव माजरा में एक संत परिवार में हुआ। इनके दादा जी श्री जानकी प्रसाद जी बहुत बड़े संत थे। इनके पिता श्री सतगुरु दास जी सेवानिवृत्त प्राचार्य थे और माता श्रीमती विमला एक विनम्र गृहणी हैं।

डॉ. अरविन्द शर्मा जी की प्रारंभिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय, झज्जर में हुई। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि वर्ष 1977 से 1979 के दौरान आप नेहरू कॉलेज में प्री-यूनिवर्सिटी और प्री-मेडिकल के विद्यार्थी रहे। आपने वर्ष 1986 में डेंटल कॉलेज, रोहतक से बी. डी. एस और वर्ष 1991 में गुजरात यूनिवर्सिटी, अहमदावाद से एम.डी.एस किया। आपकी धर्पमत्नी डॉ. रीटा शर्मा रेडियोलॉजिस्ट हैं। वे भी सामाजिक और धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेती रहती हैं। डॉ. अरविन्द जी ने हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज की परीक्षा पास की और कुछ समय के लिए डेंटल सर्जन के रूप में भी काम किया लेकिन जनता की सेवा करने के जज्बे के कारण आप पूरी तरह जनता की सेवा में जुट गये।

डॉ. अरविन्द शर्मा जी का राजनीतिक करियर शानदार रहा है। वर्ष 1996 में आपने सोनीपत लोक सभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रुप में चुनाव लड़ा और बड़े अंतर से जीत दर्ज की। आपने खुद के संसाधनों के बलबूते बड़े स्तर पर पीने का पानी उपलब्ध करवाया और सोनीपत में अनेक ट्रेनों का ठहराव भी करवाया। वर्ष 2004 में आपने करनाल लोक सभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और रिकार्ड वोटों से जीते। अपने संसदीय कार्यकाल के दौरान आपने विकास और जन कल्याण के लिए बहुत मेहनत की और कई करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए। सबसे मुख्य कार्य पानीपत में एलिवेटेड फ्लाईओवर का निर्माण रहा, जिससे पानीपत शहर को यातायात के जाम से निजात मिली और आज भी लाखों लोगों को इसका फायदा पहुंच रहा है। वर्ष 2009 में आपने फिर से करनाल लोक सभा सीट से चुनाव जीता, वर्ष 2019 में आपने रोहतक जैसी महत्वपूर्ण सीट पर लोक सभा चुनाव जीता और लगातार जनता की सेवा में समर्पित रहे। आप लोक लेखा समिति, लोक उपक्रम समिति, मानव संसाधन विकास समिति, रेलवे समिति जैसी कई महत्त्वपूर्ण संसदीय समितियों के सदस्य रहे, सहयोग एन.जी.ओ. के चेयरमैन रहे, कॉमन वेल्थ खेलों के आयोजन की

Scanned with OKEN Scanner

समिति के सदस्य रहे तथा भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण परिषद और भारतीय नर्सिंग परिषद के सदस्य भी रहे हैं।

वर्ष 2024 में आपने पहली बार गोहाना सीट से विधान सभा का चुनाव जीता और अपनी मेहनत और साफ़ छवि, लंबे और कुशल राजनीतिक अनुभव के कारण आपको हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शामिल किया गया। वर्तमान में, आपके पास कई विभाग हैं, जैसे - सहकारी संस्थाएँ, चुनाव, जेल, विरासत और पर्यटन। कार्यभार संभालते ही आपने दिन-रात काम करना शुरू कर दिया ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं का फायदा मिल सके। आप "अंत्योदय" की भावना को साकार करते हुए सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी सुविधाओं और योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।

सर, आज इस दीक्षांत समारोह में आपका आना हम सभी के लिए विशेष सौभाग्य की बात है। आपके अनुभव और मार्गदर्शन से हमारे विद्यार्थी प्रेरणा लेंगे और अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में अग्रसर होंगे।

**महाविद्यालय परिचय**

शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रदेश के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए यहाँ के किसान, मजदूर, दुकानदार, सरकारी कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त सैनिकों ने अपने खून-पसीने की गाढ़ी कमाई से भूमि और धन देकर तथा पूरे तन-मन से इस महाविद्यालय का निर्माण किया। इस संस्था के शिलान्यास की कोण शिला दिनांक 07 दिसम्बर, 1958 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के कर-कमलों द्वारा रखी गई तथा इस महाविद्यालय का उद्घाटन पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने 02 जुलाई 1959 को किया। लगभग 65 वर्षों से यह महाविद्यालय इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विशाल क्षेत्र में फैले हुए इस महाविद्यालय में पुराने भवन के अतिरिक्त आर्टस ब्लॉक, कामर्स ब्लॉक, साईंस ब्लॉक, कम्प्यूटर ब्लॉक, मल्टीपरपज हॉल तथा कैंटीन भवन हैं।

**पाठ्य संकाय:**

इस महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकायों में 07 स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम तथा अंग्रेजी, हिन्दी, मनोविज्ञान, वाणिज्य, गणित, कम्प्यूटर विज्ञान, भूगोल एवं जनसंचार विषयों में 08 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

- **कला संकाय:** कला संकाय में 14 विषयों की शिक्षा की उत्तम व्यवस्था है। कला संकाय में हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति शास्त्र, भूगोल, अर्थशास्त्र, गणित, संगीत, दर्शनशास्त्र, रक्षा अध्ययन, मनोविज्ञान, शारीरिक शिक्षा तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार विषयों की शिक्षा का उत्तम प्रबन्ध है। महाविद्यालय में पर्यावरण अध्ययन विषय की शिक्षा भी विद्यार्थियों को दी जाती है।

- **विज्ञान संकाय:** विज्ञान संकाय में रसायन, भौतिकी, कम्प्यूटर विज्ञान, जीव विज्ञान तथा वनस्पति विज्ञान की शिक्षा प्रदान की जाती है।

- **वाणिज्य संकाय:** वाणिज्य संकाय भी सुचारू रूप से कार्य कर रहा है। बी.कॉम के अतिरिक्त एम.कॉम का पाठ्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है।

Scanned with OKEN Scanner

- **व्यवसायिक पाठ्यक्रम:** महाविद्यालय में व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत बी.बी.ए, बी.सी.ए तथा जनंसचार एवं पत्रकारिता में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम सुचारू रूप से संचालित किए जा रहे हैं।

**महाविद्यालय स्टाफ:**

- **प्राचार्य:** महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दलबीर सिंह ने दिनांक 10 जून 2023 को महाविद्यालय के प्राचार्य पद का कार्यभार संभाला। वे अपनी कुशलतापूर्वक महाविद्यालय का संचालन कर रहे हैं। उनके दिशा-निर्देशन में महाविद्यालय विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है।

- **राज्य जन सूचना अधिकारी:** जन सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुरेन्द्र कुमार पूनिया, जन सूचना अधिकारी तथा डॉ. अमित भारद्वाज, सहायक जन सूचना अधिकारी का कार्य बड़ी कुशलता से कर रहे हैं। अपील अधिकारी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दलबीर सिंह हैं।

- **महाविद्यालय वित्तानुदेशक:** भूगोल प्राध्यापक डॉ. ललित कुमार कुशलतापूर्वक महाविद्यालय के वित्तानुदेशक का कार्य कर रहे हैं।

- **प्राध्यापक वर्ग:** इस महाविद्यालय में प्राध्यापकों के 56 पद स्वीकृत है, जिनमें से 34 पदों पर नियमित प्राध्यापक कार्यरत हैं तथा 01 प्राध्यापक अन्य महाविद्यालयों में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत है। इसके अतिरिक्त 38 एक्सटेंशन लेक्चरर तथा 01 अतिथि प्राध्यापक कार्यरत हैं।

- **महाविद्यालय से सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी:** दिनांक 31 अगस्त 2024 को इतिहास प्राध्यापक डॉ. जगदीश सिंह राहड़ तथा श्री सर्वेशानंद, उप अधीक्षक सेवानिवृत्त हुए।

- **कार्यालय:** इस समय कार्यालय में श्री नवीन कुमार सहायक के पद पर तथा श्री देवेन्द्र कुमार लिपिक के पद पर कार्यरत हैं। श्रीमती सोनिया व श्री सोमबीर सिंह हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत बतौर लिपिक कार्यरत हैं।

- **अन्य कर्मचारी वर्ग:** महाविद्यालय में तबलावादक-02, लैब सहायक -02, सुखसहायक-03, चौकीदार-01, माली-01 नियमित आधार पर कार्यरत हैं तथा सुखसहायक-01, चौकीदार-02, सफाईकर्मी-01 हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत कार्यरत हैं। जबकि कम्प्यूटर अनुदेशक-01, कम्प्यूटर लैब सहायक-01, सफाईकर्मी-02 व पार्किंग चौकीदार-01 अनुबंध आधार पर कार्यरत हैं। ये सभी कर्मचारी महाविद्यालय को व्यवस्थित रखने में सहयोग देते हैं। उप अधीक्षक का 01, आशुटंकक का 01, जे.एल.ए के 07 तथा एल.ए. के 05 पद रिक्त हैं।

- **पुस्तकालय:** महाविद्यालय पुस्तकालय में कु. अश्मिता, कनिष्ठ पुस्तकाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त एक रैस्टोरर तथा एक पुस्तकालय परिचर कार्यरत हैं। वरिष्ठ पुस्तकाध्यक्ष का 01 पद रिक्त है।

**विविध जानकारी:**

- **छात्रवृत्तियां:-** सत्र 2023-24 के दौरान अनुसूचित जाति के कुल 320 पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई है। कुल 316 पात्र विद्यार्थियों को किताबों की राशि दी गई है।

Scanned with OKEN Scanner

- **अनुदान प्राप्तियां:-**

| | |
|---|---|
| स्पोर्टस ग्रान्ट | 40,000/- |
| आग्यूमेंटेशन ऑफ लैब | 85,000/- |
| प्लैसमेन्ट सैल | 19,640/- |
| विज्ञान प्रदर्शनी | 27,820/- |
| महिला प्रकोष्ठ | 60,000/- |
| शैक्षणिक भ्रमण लडके | 25,750/- |
| अर्न व्हाइल यू लर्न | 1,00,000/- |

- **विश्विद्यालय स्तरीय परीक्षा परिणाम:** सत्र 2023-24 के दौरान महाविद्यालय की सभी कक्षाओं के परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय स्तरीय परीक्षा परिणामों से बेहतर रहे।

**पाठ्येतर गतिविधियाँ:**

- **प्रतिभा खोज प्रतियोगिता:** महाविद्यालय में दिनांक 06 व 07 सितम्बर 2024 को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न साहित्यिक तथा सांस्कृतिक विधाओं में विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन करके उन्हें युवा समारोह तथा अन्य जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भेजा गया। प्रतियोगिताओं का आयोजन सांस्कृतिक गतिविधि प्रभारी डॉ. तमसा और डॉ. जगबीर सिंह के दिशा-निर्देशन में हुआ।

- **क्षेत्रीय युवा समारोह:** महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने खेड़ी बल्लभगढ़ में आयोजित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय युवा समारोह में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चार पुरस्कार जीते। उर्दू कविता पाठ में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा मुस्कान ने पहला पुरस्कार प्राप्त किया। अंग्रेजी कविता पाठ में एमए मनोविज्ञान द्वितीय वर्ष की छात्रा अनामिका ने पहला पुरस्कार प्राप्त किया। सितार वादन में बीए द्वितीय वर्ष की काव्यांजलि ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। तबला वादन में बीए द्वितीय वर्ष के कमल ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों तथा टीम प्रभारियों को बधाई दी और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। टीम का मार्गदर्शन सांस्कृतिक गतिविधि प्रभारी डॉ. तमसा, डॉ. जगबीर सिंह, संगीत गायन प्रभारी डॉ. टीना चावला, साहित्यिक प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. कुलदीप, ललित कला प्रभारी डॉ. ज्योति, हिंदी प्राध्यापक शिव शंकर, वाणिज्य प्राध्यापक श्री दीपक, अर्थशास्त्र प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार और तबला वादक श्री अश्वनी कुमार ने किया।

Scanned with OKEN Scanner

• **अन्तर क्षेत्रीय युवा समारोह:** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित अन्तर क्षेत्रीय युवा महोत्सव में राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर की दो छात्राओं ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित अंतर क्षेत्रीय युवा महोत्सव में पुरस्कार जीते। बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा मुस्कान ने उर्दू कविता पाठ में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया जबकि एमए मनोविज्ञान द्वितीय वर्ष की छात्रा अनामिका ने अंग्रेजी कविता पाठ में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दलवीर सिंह ने विजेता प्रतिभागियों और सांस्कृतिक गतिविधि प्रभारी डॉ. जगबीर सिंह, डॉ. तमसा और डॉ. टीना चावला को बधाई दी। उधर बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रिया ने झज्जर में आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव में पेंटिंग प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर प्राचार्य प्रो. दलवीर सिंह, भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र पूनिया और ललित कला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. ज्योति ने छात्रा को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

• **विषय परिषदें:** इस समय महाविद्यालय में हिन्दी साहित्य परिषद, अंग्रेजी साहित्य परिषद, संस्कृत परिषद, भूगोल परिषद, विज्ञान परिषद, राजनीतिक विज्ञान परिषद, संगीत परिषद सम्यक् रूप से कार्यरत हैं।

**पुस्तकालय:** महाविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्र में कुल 40426 पुस्तकें हैं। पुस्तकालय में अलग से ई-लाईब्रेरी की व्यवस्था है। इन्टरनेट की सुविधा उपलब्ध है तथा विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सामग्री हेतु फोटोस्टेट मशीन भी उपलब्ध है। पुस्तकालय की बुक बैंक शाखा में 13434 पुस्तकें हैं, जिन्हें निर्धन, प्रतिभाशाली, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के विद्यार्थियों को पूरे सत्र के लिए जारी किया जाता है। पुस्तकालय में इस समय 25 समाचार पत्र तथा 31 पत्रिकाएं मंगवाई जा रही हैं।

• **खेलकूद:** दिनांक 27 तथा 28 नवम्बर 2024 को राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर की 64वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी टिंकू को सर्वश्रेष्ठ छात्र खिलाड़ी चुना गया जबकि बीए प्रथम वर्ष की आरती सर्वश्रेष्ठ छात्रा खिलाड़ी बनी। जिला परिषद अध्यक्ष श्री कप्तान बिरधाना ने प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया और प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रहे।

• **मेंटर ग्रुप :** महाविद्यालय में विद्यार्थियों की महाविद्यालय से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान करने हेतु महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को ट्यूटोरियल ग्रप में बांटा गया है। प्रत्येक प्राध्यापक को लगभग 45-45 विद्यार्थी दिए गए है ताकि उनकी कठिनाईयों का सरलता से निराकरण किया जा सके। महाविद्यालय के चीफ मेंटर डॉ. सुरेन्द्र कुमार पूनिया हैं, जो इस भूमिका को बड़ी कुशलतापूर्वक निभा रहे हैं।

• **युगवाहक पत्रिका-** महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'युगवाहक' के मुख्य सम्पादक डॉ. अमित भारद्वाज, अंग्रेजी अनुभाग के संपादक श्री श्रीकिशन चाहर, वाणिज्य अनुभाग की संपादक डॉ. प्रियंका, सामाजिक विज्ञान अनुभाग के संपादक डॉ. ललित कुमार, विज्ञान अनुभाग की संपादक श्रीमती रीना तथा पूर्व छात्र संगठन अनुभाग के सम्पादक श्री श्रीकिशन चाहर हैं।

**यूथ रेड्क्रास क्लब:** महाविद्यालय के यूथ रेड्क्रास क्लब के अंतर्गत प्रभारी प्राध्यापक डॉ. ज्योति और अशोक कुमार के निर्देशन में दिनांक 12.08.2024 को वृक्षारोपण अभियान, 12.08.2024 को तिरंगा यात्रा, 20.09.2024 को एल्बेंडाजोल गोली का वितरण, 25.09.2024 को प्राथमिक चिकित्सा पर डाक्यूमेंट्री प्रदर्शन, 26.09.2024 को मतदाता जागरूकता, 25.10.2024 को पोस्टर बनाओं प्रतियोगिता, 02.12.2024 को एच.आई.वी. एड्स

Scanned with OKEN Scanner

जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा विद्यार्थियों ने 18.02.2025 से 22.02.2025 तक महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में भाग लिया।

**राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.):** महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स ने 11.07.2024 को विश्व पेपरवेग दिवस मनाया तथा पोलीथीन का प्रयोग नहीं करने के बारे में संदेश दिया। दिनांक 13.08.2024 को एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया तथा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। दिनांक 15.08.2024 को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में मार्च पास्ट में भाग लिया और तीसरा स्थान प्राप्त किया। 26.01.2025 को जिला स्तरीय गणतंत्रता दिवस समारोह में मार्च पास्ट में भाग लिया और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**शैक्षणिक भ्रमण:** दिनांक 03.12.2024 को डॉ. संदीप कुमार के नेतृत्व में लड़कों के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया और छात्रों ने दिल्ली के कुतुबमीनार, पुरात्तव पार्क, लोट्स टैम्पल का भ्रमण करके शैक्षणिक ज्ञान बढ़ाया।

**विभागीय गतिविधियां:** सत्र 2024-2025 के दौरान विभिन्न विभागों की गतिविधियां आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने इनमें भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**अंग्रेजी साहित्य परिषद** के तत्वाधान में 27.08.2024 को स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न कक्षाओं के 19 विद्यार्थियों ने भाग लिया। दिनांक 14.10.2024 को डैथ ऑफ ए सैल्समेन फिल्म का प्रदर्शन किया। दिनांक 25.10.2024 को मोबाईल फोन की लत तथा सबके लिए मुफ्त शिक्षा विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न कक्षाओं के 13 विद्यार्थियों ने भाग लिया। दिनांक 26.11.2024 को पेपर रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न कक्षाओं के 19 विद्यार्थियों ने भाग लिया। दिनांक 13.02.2025 को अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न कक्षाओं के 16 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**हिन्दी एवं संस्कृत साहित्य परिषद** द्वारा दिनांक 14.09.2024 को हिन्दी दिवस पर कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । दिनांक 16.10.2024 को महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 29.11.2024 को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 10.02.2025 को संत रविदास जयंती के अवसर पर महाविद्यालय स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**मनोविज्ञान विभाग** के तत्वाधान में दिनांक 10.09.2024 को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। दिनांक 10.10.2024 को प्रसन्नता, कोध्र प्रबंधन तथा कृतज्ञता पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 20.11.2024 को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 25.02.2025 को स्वास्थ्य एवं नैदानिक मनोविज्ञान विषय पर पावर प्वाइंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**भौतिकी विभाग** के तत्वाधान में दिनांक 20.08.2024 को रिवर ऑफ लाईफ गतिविधि का आयोजन किया गया। दिनांक 30.08.2024 को जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। दिनांक 24.09.2024 को पोस्टर

Scanned with OKEN Scanner

बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। दिनांक 23.10.2024 को जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। दिनांक 06.02.2025 को विज्ञान प्रदर्शनी में भौतिकी के मॉडल प्रदर्शित किए गए।

**गणित विभाग** के तत्वाधान में दिनांक 30.08.2024 को डॉ. प्रवेश कुमार, प्रोफेसर ने गणित में रोजगार के अवसर पर विस्तार व्याख्यान दिया। दिनांक 27.10.2024 को स्नातक कक्षाओं के विद्यार्थियों की गणित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। दिनांक 25.11.2024 को प्रतियोगी परीक्षाओं में वैदिक सूत्रों की भूमिका और गणित स्नातक के अवसर विषयों पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किए गए। दिनांक 28.02.2025 को गणित विभाग के विद्यार्थियों ने एस.आई.ए.एस.टी.ई., झज्जर द्वारा आयोजित उत्कर्ष कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र अनिल कुमार ने स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

वनस्पति एवं प्राणी विज्ञान के विद्यार्थियों ने सितम्बर 2024 में विज्ञान प्रश्नोत्तरी, अक्तूबर 2024 में विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा फरवरी 2025 में विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया।

**राजनीति विज्ञान विभाग** के तत्वाधान में दिनांक 05.11.2024 को निबंध लेखन प्रतियोगिता, 14.11.2024 को भाषण प्रतियोगिता, 26.11.2024 को निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा 28.02.2025 को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इतिहास विभाग के तत्वाधान में दिनांक 13.09.2024 को भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और दिनांक 14.11.2024 को भारत के स्वतंत्रता संग्राम में स्वतंत्रता सैनानियों का योगदान तथा राजनीति में युवाओं की भागीदारी विषयों पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**वाणिज्य विभाग** के तत्वाधान में दिनांक 16.09.2024 भारतीय रिजर्व बैंक के अधीन वित्तीय साक्षरता केन्द्र के प्रबंधक दीपक कुमार ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। दिनांक 24.10.2024 को पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाणिज्य विभाग के छात्रों अमन तथा नवीन ने दिनांक 14.11.2024 को आदर्श महिला महाविद्यालय, भिवानी द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। दिनांक 10.02.2025 को हरकोफैड के सहयोग से स्थाई विकास में सहकारिता की भूमिका विषय पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि वाणिज्य विभाग के सत्र 2022-2024 की छात्रा रूवल चोपड़ा तथा सत्र 2021-2023 की छात्रा जिज्ञासा गर्ग ने जून 2024 में आयोजित यू.जी.सी. नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की और 03 अन्य छात्राओं सोनी, मीनाक्षी तथा प्रीति ने दिसम्बर 2024 में आयोजित यू.जी.सी. नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की।

**महिला प्रकोष्ठ** के तत्वाधान में दिनांक 12.08.2024 को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। दिनांक 09.09.2024 को चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुदीक्षा ने पोषण माह-स्वस्थ पोषण विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया। दिनांक 26.09.2024 को लैंगिक भेदभाव पर डाक्यूमेंट्री दिखाई गई। दिनांक 27.09.2024 को मतदाता जागरूकता पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 25.10.2024 को एच.आई.वी. एड्स विषय पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 24-25.01.2025 को योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। दिनांक 30 एवं 31.01.2025 को कुकिंग एवं बेकिंग

Scanned with OKEN Scanner

कार्यशाला का आयोजन किया गया। दिनांक 11.02.2025 को लड़कियों के एक दिवसीय दिल्ली भ्रमण का आयोजन किया गया। 50 छात्राओं ने राष्ट्रीय संग्राहलय, इंडिया गेट, राष्ट्रपति भवन एवं अक्षरधाम मंदिर का भ्रमण किया। दिनांक 05.03.2025 को एस.एच.ओ. डॉ. किरण ने यौन शोषण, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा से संबंधित कानूनों की जानकारी के लिए जागरूकता कार्यक्रम में व्याख्यान दिया।

**रोजगार प्रकोष्ठ** के तत्वाधान में अमर उजाला सामाचार पत्र के सौजन्य से 29.07.2024 को प्लैसमेंट ड्राईव का आयोजन किया गया जिसमें 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। दिनांक 18.09.2024 को कौशल वृद्धि ज्ञान तथा रोजगार की तैयारी से संबंधित सेमीनार का आयोजन टाईम्स प्रो प्लेटफार्म के सौजन्य से किया गया जिसमें 100 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया। दिनांक 09.10.2024 को बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज के विशेषज्ञ तथा सेबी के वित्तीय प्रशिक्षक श्री जफरूद्दीन ने वित्तीय साक्षरता और निवेश जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को आवश्यक जानकारी दी जिसमें 52 विद्यार्थियां ने भाग लिया। दिनांक 25.11.2024 को स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में रोजगार के अवसर विषय पर वाणिज्य प्राध्यापक श्री दीपक कुमार ने विस्तार व्याख्यान दिया। दिनांक 26.11.2024 को मनोविज्ञान प्राध्यापक श्री प्रदीप यादव ने साफ्ट स्किल पर विस्तार व्याख्यान दिया। दिनांक 13.02.2025 को एम.एस.एम.ई. के उपनिदेशक श्री महेन्द्र सिंह ने उद्यमिता के सहयोग में सरकार की भूमिका विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया। दिनांक 20.02.2025 को हारट्रोन स्किल सेंटर झज्जर के सौजन्य से कैम्पस प्लैसमेंट ड्राईव का आयोजन किया गया। दिनांक 27.02.2025 को राजकीय महिला महाविद्यालय, कुलाना की वाणिज्य प्राध्यापिका श्रीमती पुनीता मलिक ने विस्तार व्याख्यान दिया।

### व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

महाविद्यालय के अधिकतर प्राध्यापकों ने वर्ष भर के दौरान अनेक शोधपत्र लिखे जो विभिन्न पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए, अनेक सम्मेलनों और संगोष्ठियों में भाग लिया तथा शोधपत्र प्रस्तुत किये, रिफ्रेशर कोर्सों में भाग लिया, विषय विशेषज्ञ के रूप में काम किया तथा अन्य शैक्षणिक कार्यों में भागीदारी की। मैं उन सबको बधाई देता हूँ।

### महाविद्यालय की आवश्यकताएं

1. महाविद्यालय में सत्र 2024-25 के दौरान प्राध्यापकों का कार्यभार है, लेकिन महाविद्यालय में कुल 56 पद स्वीकृत हैं जिनसे से केवल 33 पदों पर नियमित प्राध्यापक कार्यरत हैं, 01 प्राध्यापक अन्य महाविद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर हैं तथा शेष 22 पद रिक्त हैं। रिक्त पदों को यथाशीघ्र भरा जाए और अतिरिक्त पद स्वीकृत कर, उन्हें भी तुरन्त भरा जाना चाहिए ताकि अध्यापन कार्य सुचारू रूप से चलाया जा सके।

2. महाविद्यालय के स्टाफ क्वार्टर एवं गलियां जीर्ण-शीर्ण हो चुकी हैं। उन सभी का पुनर्निर्माण करवाने की आवश्यकता है।

4. संस्कृत, अर्थशास्त्र, शारीरिक शिक्षा, दर्शन शास्त्र तथा प्रबन्धन विभागों में कोई भी नियमित प्राध्यापक नहीं है।

5. महाविद्यालय के पुस्तकालय भवन, साइंस ब्लॉक तथा गर्ल्स कॉमन रूम का विस्तार किए जाने की भी आवश्यकता है।

6. पुराने भवन के कई कमरे जीर्ण शीर्ण हो चुके हैं। उनकी मरम्मत / पुनर्निर्माण की आवश्यकता है।

Scanned with OKEN Scanner

## आभार अभिव्यक्ति

1. मैं आज के दीक्षान्त एवं पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. अरविन्द शर्मा, माननीय कैबिनेट मंत्री, हरियाणा का विशेष रूप से आभारी हूँ, जिन्होंने अपने व्यस्ततम कार्यक्रम में से समय निकालकर हमारे आतिथ्य को स्वीकार किया और अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

2. मैं महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग एवं उनके निदेशालय के अधिकारी सदस्यों का भी सहृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके संरक्षण एवं सहयोग से महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

3. मैं जिला प्रशासक आदरणीय आयुक्त महोदय, आदरणीय उपायुक्त महोदय, अतिरिक्त उपायुक्त महोदय, उपमंडल अधिकारी महोदय, पुलिस अधीक्षक महोदय एवं नगराधीश महोदय का भी मैं हार्दिक धन्यवाद करता हूँ, जिन्होने समय-समय पर हमारी कठिनाईयों का समाधान किया।

4. माननीय महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक के कुलपति तथा विश्वविद्यालय के समस्त प्रशासनिक विभाग का भी आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने पूरे वर्ष हमारा मार्गदर्शन किया।

5. लोकनिर्माण विभाग के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, ठेकेदार, मिस्त्री एवं मजदूर, जिन्होंने महाविद्यालय के आवरण को सुन्दर बनाने में सहयोग दिया, सैनीटेशन एवं जलापूर्ति विभाग जो सम्बन्धित समस्याओं का समय-समय पर समाधान करते रहते हैं, सभी धन्यवाद के पात्र हैं।

6. महाविद्यालय के उन सभी प्राध्यापक, प्राध्यापिकाओं तथा अन्य सभी कर्मचारियों का, जिन्होंने उन्हें सौंपे हुए कार्य को निष्ठापूर्वक सम्पन्न किया, आभार व्यक्त करता हूँ।

7. जिन विद्यार्थियों ने अनुशासन में रहते हुए शिक्षा, सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों में प्रशंसनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। वे सब बधाई के पात्र हैं।

8. महाविद्यालय के कार्यालय, पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने अपने निर्धारित कार्य को समय पर पूरा किया है। वे सब प्रशंसा के पात्र है।

9. मैं पूर्व विद्यार्थी संगठन के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ जो समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करके महाविद्यालय की उन्नति में सहयोग देते रहते हैं।

10. हरियाणा रोडवेज कैजनरल मैनेजर का भी मैं आभारी हूँ, जिन्होंने विद्यार्थियों के लिए बस पास व बसों का प्रबन्ध सुचारू रूप से किया।

अन्त में, मैं पुनः आए हुए अतिथिगण का धन्यवाद करता हूँ, जिनको इस महाविद्यालय से विशेष अपनत्व और स्नेह है और जो अपने अमूल्य समय में से समय निकालकर महाविद्यालय में पधारे हैं।

धन्यवाद।

प्रो. दलबीर सिंह
प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय,
झज्जर

Scanned with OKEN Scanner